दिनांक : 06/07/2026 समय :7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार:-

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड यात्रा आज से शुरू, चालीस वर्षों बाद होगी न्यूजीलैंड की पहली द्विपक्षीय यात्रा।
2. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में करेंगे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क का भूमि-पूजन।
3. केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिवपुरी में रखी अदाणी डिफेंस फैक्ट्री की आधारशिला, रक्षा क्षेत्र में मिलेगी मजबूती।
4. प्रदेश में मानसून की जोरदार बारिश जारी, सागर-दमोह सहित 9 जिलों में आज अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

प्रधानमंत्री-इंडोनेशिया यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की छह दिन की यात्रा आज से शुरू हो रही है। पहले चरण में वे इंडोनेशिया पहुंचेंगे, जहां वे राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ वार्ता करेंगे और योग्याकार्ता में प्रम्बानन मंदिर भी जाएंगे। दूसरे चरण में प्रधानमंत्री 8 जुलाई को ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न पहुंचेंगे, जहां वे प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यात्रा के तीसरे चरण में श्री मोदी 10 और 11 जुलाई को न्यूजीलैंड में होंगे, जो पिछले चालीस वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली न्यूजीलैंड यात्रा होगी। इस दौरान वे न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करेंगे। तीनों देशों में प्रधानमंत्री भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित करेंगे।

स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल के सतगढ़ी में 173 एकड़ में विकसित होने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क का भूमि-पूजन करेंगे। इस परियोजना में 10 हजार क्षमता वाला विश्वस्तरीय कन्वेंशन और एग्जिबिशन सेंटर भी विकसित किया जाएगा। कार्यक्रम में देश-प्रदेश के करीब 200 से अधिक उद्योगपति और निवेशक शामिल होंगे। इस परियोजना से 15 हजार से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है।

डिफेंस फैक्ट्री,शिवपुरी- मुख्यमंत्री

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल शिवपुरी जिले के पाली में लगभग 2,500 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ग्रुप के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा -

इस मौके पर श्री सिंधिया ने कहा कि यह प्लांट भारत की रक्षा आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करेगा और हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। वहीं शिवपुरी जिले के लिए करीब 211 करोड़ रुपये की लागत के 38 विकास कार्यों का ई-लोकार्पण और ई-भूमिपूजन भी किया गया।

जी राम जी- पहली किश्त

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चैहान ने कल राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत-जी राम जी योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने योजना के संचालन के लिए 25 हजार 863 करोड़ रुपये की पहली किस्त भी जारी की। उन्होंने बताया कि मनरेगा से इस योजना में ट्रांजीशन पूरी तरह सहज और सुचारु रहा है और अब तक कोई तकनीकी शिकायत नहीं मिली है। श्री चैहान ने कहा-

वक्फ बोर्ड-पुनर्गठन-   मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन करते हुए इसमें दो हिन्दू सदस्यों को भी शामिल किया है। अधिकारियों के अनुसार वक्फ अधिनियम (संशोधित) 2025 के तहत गठित यह देश का पहला राज्य स्तरीय वक्फ बोर्ड है, जिसमें हिन्दू सदस्य शामिल किए गए हैं। इस संबंध में राजपत्र अधिसूचना जारी कर सनवर पटेल को 10 सदस्यीय बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि मनोज मालपानी और अनिमेश भार्गव को हिन्दू सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश नए अधिनियम के तहत वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

अच्छी खबर-खंडवा

मेहनत, आधुनिक तकनीक और सामूहिक प्रयास से खेती की तस्वीर कैसे बदल सकती है, इसकी मिसाल खंडवा जिले का जावर गांव बन रहा है। यहां किसान उत्पादक संगठन यानी एफपीओ के माध्यम से उगाया जा रहा खीरा और टमाटर अब दुबई तक निर्यात हो रहा है।

सेफ क्लिक 2.0- प्रदेश पुलिस

प्रदेश पुलिस के राज्यव्यापी सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत प्रदेशभर में साइबर जागरूकता गतिविधियां जारी हैं। कल इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने 6 हजार से अधिक नागरिकों के साथ विशाल साइबर जागरूकता मैराथन आयोजित की। भोपाल में आरडी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में करीब 1,500 छात्र-छात्राओं को डिजिटल अरेस्ट और फिशिंग जैसे साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। वहीं खंडवा, राजगढ़, टीकमगढ़ सहित कई जिलों में स्कूलों, पंचायतों और सरकारी कार्यालयों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

आदिवासी क्रांतिवीर स्मृति महोत्सव- भोपाल

भोपाल के शौर्य स्मारक में कल अंतर्राष्ट्रीय अनघ मंच द्वारा आदिवासी क्रांतिवीर स्मृति महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। देश मेरे तुम भूल न जाना, वनवीरों का बलिदान थीम पर आधारित यह कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक चलेगा। अंग्रेजों से आजादी की लड़ाई में हजारों आदिवासी क्रांतिकारियों के बलिदान को इस महोत्सव के जरिए याद किया जाएगा। कार्यक्रम में देश के 50 से ज्यादा वक्ता काव्य गोष्ठी के माध्यम से आदिवासी क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

स्कूल बैग वितरण- बैतूल

केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कल बैतूल में आयोजित स्कूल बैग विद एजुकेशनल डेस्क वितरण कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। मंत्री उइके ने कहा कि डेस्क युक्त स्कूल बैग बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी और नवाचारपूर्ण पहल है, ताकि बच्चे कहीं भी सुविधापूर्वक बैठकर अध्ययन कर सकें। मुख्य अतिथियों ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को डेस्क युक्त बैग वितरित किए, वहीं जिले के शेष बचे हुए बच्चों को भी जल्द ही स्कूल में यह बैग वितरित किए जाएंगे।

मौसम- प्रदेश

अब बात मौसम की। प्रदेश में मानसून जमकर बरस रहा है। अब तक औसत 6.4 इंच पानी गिर चुका है। मौसम विभाग ने आज सागर, दमोह, बैतूल सहित 9 जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि रतलाम, उज्जैन सहित कई जिलों में भारी बारिश की संभावना है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

1. झाबुआ जिले को वर्ष 2027 तक पूर्ण साक्षर बनाने के लक्ष्य को लेकर डाइट कल्याणपुरा में उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
2. अमृत 2.0 योजना के तहत सांसद रोडमल नागर ने कल आगरमालवा में पौधारोपण की शुरूआत की। योजना के तहत पाँच हजार पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
3. भोपाल शहर के जहांगीराबाद स्थित बापू कॉलोनी से 70 श्रद्धालुओं का एक जत्था पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ।
4. नर्मदापुरम जिला प्रशासन ने प्रोजेक्ट दामिनी की शुरुआत की है। जिसके तहत जिले के प्रत्येक गांवों के घरों तक आकाशीय बिजली से बचाव का संदेश पहुंचाया जाएगा।

5. खंडवा में मानसून अवधि के दौरान प्रभावी आपदा प्रबंधन हेतु आज से 12 जुलाई तक 7 दिवसीय सिविल डिफेंस वॉलंटियर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
6. डिंडौरी में जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल बरगांव के केशव सभागार में करियर गाइडेंस कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।
7. ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हराकर रिकॉर्ड सातवीं बार महिला टी20 विश्व कप का खिताब जीता।

-------------